तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 29 सितंबर 2025

13 यादव कॉलेज की वाणिज्य कार्यपरिषद के पदाधिकारियों का किया ...

12 ब्रह्माकुमारीज की चैतन्य देवियों की भव्य झांकी से ...




### नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

## समस्या : पुल की ऊंचाई बढ़ाने की मांग वर्षों से लंबित

# लगातार बारिश से चीचा नाले का पुल डूबा 50 से अधिक गांवों का दुर्ग से संपर्क कटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा/अंडा

- चीचा नाले में बाढ़ जैसे हालात, स्कूली बच्चों तक की पढ़ाई प्रभावित

जिले में पिछले 48 घंटे में हो रही बारिश से जिसके चलते नदी–नाले उफान पर हैं। जिसमे अर्जुदा से दुर्ग के मुख्य मार्ग चीचा नाला गांव का मुख्य मार्ग का संपर्क टूट गया है। जिससे आमजन खासा परेशान हैं। इस पर अब उन्होंने नाराजगी भी जताई है। वर्षों जमाने में बने पुलों की ऊंचाई बेहद कम है और ऐसे पुल जर्जर भी हो चुके हैं। बारिश के दिनों में ऐसे पुलों के उपर से बारिश का पानी बहता है। इससे ग्रामीण अंचल के लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

पिछले सरकार से कई बजट बनाकर राज्य शासन को भेजा था, लेकिन ऐसे पुलों की ऊंचाई नहीं बढ़ पा रही है या फिर नए सिरे से पुल का निर्माण नहीं हो पा रहा है।



अलबत्ता ग्रामीण अंचल के लोगों की समस्या जस की तस बनी हुई है। दुर्ग जाने के करीब 50 से अधिक गांवो चीचा से होकर जाना पड़ता है। कम ऊंचाई के पुल बारिश के दिनों में ग्रामीणों के लिए जी का जंजाल साबित होता है। पुल पुलियों की ऊंचाई कम होने से बारिश के दिनों में पुल के उपर से पानी बहने लगता है। जिससे क्षेत्र में आवागमन अवरूद्ध हो जाता है। लोगों को तक तक आवागमन में परेशानी होती है जब नदी नालों का जल स्तर कम न हो जाए। ऐसे पुलों की ऊंचाई बढ़ाने या फिर नए पुल का निर्माण करने के लिए ग्रामीण अंचल के लोग उच्चाधिकारियों से मांग करते आ रहे हैं, शासन ने इसके लिए प्रस्ताव भी बनाकर दिया है।

दरअसल चीचा सरपंच कांशी साहू पिछले 48 घंटे से रुक–रुककर लगातार बारिश हो रही है। बारिश के चलते चीचा भिलाई में बना नाले का जलस्तर बढ़ गया है। इस नाले में बाढ़ जैसे हालात हैं। इस नाले में बने पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। इस वजह से लोगों को आने जाने में काफी दिक्कत हो रही है। बताया जा रहा है कि इसी नाले के ऊपर बने पुल के जरिए ही लोग आना जाना करते थे। मगर पानी अधिक गिरने के कारण परेशानी और बढ़ गई है। जनपद सदस्य धारा चौधरी ने बताया कि नाले में पुल तो बना है, पर उसका आकार काफी छोटा है।

हम कई बार प्रशासन उस पुल की लंबाई बड़ी करने की मांग कर चुके हैं। मगर फिर भी अब तक ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यही पुल ही एक मात्र रास्ता है। जिससे हम गांव से दूसरे इलाकों में जाते हैं। लेकिन बारिश के कारण ये भी संभव नहीं हो पा रहा है। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे। हम फिर मांग करते हैं कि इस पुल की लंबाई और ऊचाई को बढ़ाया जाए। जिससे हमारी परेशानी दूर हो सके।

## बीएसपी माइंस में मधुमक्खियों का हमले में 11 कर्मचारी घायल

**दल्ली राजहरा।** भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) की खदान में रविवार सुबह अफरा-तफरी का माहौल उस समय बन गया, जब अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने ड्यूटी पर पहुंचे कर्मचारियों पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में 11 कर्मचारी घायल हो गए, जिन्हें तत्काल बीएसपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी का इलाज डॉक्टरों की निगरानी में जारी है। कर्मचारियों के मुताबिक, जैसे ही वे जनरल शिफ्ट में माइंस गेट के पास पहुंचे, तभी वहां मौजूद मधुमक्खियों का बड़ा झुंड आक्रामक हो गया और ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घटना इतनी भयावह थी कि मौके पर भगदड़ की स्थिति बन गई। घायल कर्मचारी चीखते-चिल्लाते अस्पताल तक पहुंचाए गए।

**बीएसपी प्रबंधन की लापरवाही उजागर:** घटना को लेकर कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि माइंस क्षेत्र में लंबे समय से मधुमक्खियों के छत्ते मौजूद थे, लेकिन बीएसपी प्रबंधन ने कभी इसकी सुध नहीं ली। समय रहते छत्तों को हटाने या सुरक्षा इंतज़ाम करने के बजाय प्रबंधन ने कर्मचारियों की जान को खतरे में डाल दिया।

### सवालों के घेरे में सुरक्षा व्यवस्था

कर्मचारियों का आरोप है कि यह पहली बार नहीं है जब माइंस में सुरक्षा इंतज़ामों की कमी सामने आई हो। हर बार हादसे के बाद खानापूर्ति कर मामला दबा दिया जाता है। अब मधुमक्खियों के हमले ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि कर्मचारियों की सुरक्षा बीएसपी प्रबंधन के एजेंडे में नहीं है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते छत्तों को हटाया जाता तो इस तरह की स्थिति कभी उत्पन्न नहीं होती। कर्मचारियों में गुस्सा है कि आखिर उनकी जान की कीमत कब समझेगा बीएसपी प्रबंधन?

### वन विभाग की कार्रवाई

# 2 लाख की अवैध सागौन लकड़ी और फर्नीचर जब्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- रेंजर ने दी सख्त चेतावनी : 'वन संपदा से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा'

वन विभाग की सक्रियता और सख्त निगरानी ने एक बार फिर अवैध कारोबारियों की कार्रवाई। दल्लीराजहरा वन परीक्षेत्र की टीम और उड़न दस्ते ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध सागौन लकड़ी से फर्नीचर बनाए जाने के गोरखधंधे का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में सागौन की लकड़ी और तैयार फर्नीचर बरामद किए गए। जब्त किए गए माल की कीमत लगभग 2 लाख रुपये आंकी गई है।

**सूचना पर हुई दबिश:** वन विभाग को लंबे समय से जानकारी मिल रही थी कि ग्राम भैसबोड़ निवासी विकास देवांगन पिता देवनाथ देवांगन घोठिया गांव में अवैध रूप से सागौन लकड़ी जमा कर आलीशान फर्नीचर तैयार कर रहा है। इस पर टीम ने सर्च वारंट के आधार पर छापा मारा और मौके से बड़ी मात्रा में लकड़ी व फर्नीचर जब्त किया।

### बरामद सामग्री

36 नग सागौन चिरान,8 नग सागौन लठ्ठा,1 नग बीजा लठ्ठा,1 डायनिंग टेबल सेट,1 सागौन चौखट,2 सागौन सोफा,1 सागौन दिवान,2 सागौन दरवाजे के साथ कुल 2.233 घन मीटर सागौन लकड़ी और फर्नीचर निर्माण में उपयोग हो रही सभी मशीनें जप्त कर लीं। दल्लीराजहरा रेंजर संतोष ठाकुर ने कहा कि वन विभाग अवैध लकड़ी कारोबार और फर्नीचर निर्माण करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि वन संपदा से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। वन विभाग की सख्ती से खौफ,, इस बड़ी कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध लकड़ी कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। लगातार हो रही छापेमारी से साफ संदेश है कि वन विभाग पूरी तरह सतर्क है और वन संपदा की अवैध कटाई व उपयोग करने ▶▶| शेष पेज 12 पर

### खबर संक्षेप

#### महिला से युवक ने की मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** दुकान के सामने गुटखा खाकर थूकने से मना करने पर महिला के साथ व्यक्ति ने मारपीट कर दिया, जिसके बाद पीड़ित महिला ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम बघमरा थाना गुण्डरदेही निवासी पारवती साहू ने पुलिस को बताया कि अर्जुंदा चौक गुण्डरदेही में मेरे स्वयं का फल बेचने का व्यवसाय है। 28 सितंबर के सुबह 09 बजे मै अपने फल दुकान ठेला में व्यवसाय करने आई थी कि उसी समय मेरे मोहल्ले के परमेश्वर निषाद तथा उनके साथी मेरे दुकान के पास अर्जुंदा चौक गुण्डरदेही में बैठकर गुटखा खाकर थुक दिये थे, जिसे देखकर मेरे द्वारा परमेश्वर निषाद को बोली कि क्यों दुकान के पास थुक दिये हो इसी बात को लेकर उसके द्वारा मुझे गाली गुप्तार करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ–मुक्का एवं मेरे बाल को पकड़कर मारपीट किया हैं। मारपीट करने से मेरे बाये सिर, तथा कनपटी में चोंट आकर दर्द हो रहा है।

# भाजपा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

- महिलाओं के स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण पर विशेष फोकस

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश निर्देशानुसार पर भाजपा जिला बालोद के जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख के आह्वान पर भाजपा कुसुमकसा मंडल अध्यक्ष योगेन्द्र सिन्हा के नेतृत्व में 26 सितम्बर 2025 को ग्राम कुसुमकसा में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम कुसुमकसा में किया।

भाजपा कुसुमकसा मंडल अध्यक्ष ने इस स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम के जिला प्रभारी मोना टुवानी, चन्द्रकान्त चोपड़े, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र माहला, भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेन्द्र सिन्हा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष राजू रावटे, जनपद सदस्य मंजू संजय बैस, जनपद सदस्य आशा आर्य, कु सु म क सा सरपंच बेदबाई पिस्दा, अंजू कोसमा इस सभी अतिथियों के द्वारा भारत माता की तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया। भाजपा कुसुमकसा मंडल सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर के कार्यक्रम मंडल प्रभारी के रूप में संजय बैस, हितेश कुमार डोंगरे, टिकेन्द्र कुमार साहू, गोविन्द शर्मा को जिम्मेदारी दी गई थी जो की इस कार्यक्रम को सफल बनाया गया। 200 लोगो का निःशुल्क स्वास्थ शिविर में उपचार कर दवाई दिया गया। वही भाजपा कुसुमकसा मंडल के मंत्री संजय बैस ने कहा कि सशक्त नारी सशक्त समाज की संकल्पना के तहत मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 1500 मरीजों का चेकअप किया गया और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी गई। इन शिविरों का उद्देश्य लोगों को मुफ्त चिकित्सा परामर्श, जांच और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान दिया गया। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सह-सोशल मीडिया प्रभारी एवं भाजपा कुसुमकसा हितेश कुमार ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रतिदिन भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा के तहत आज भाजपा कुसुमकसा मंडल में स्वास्थ्य शिविर का एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य को ▶▶| शेष पेज 12 पर







#### जंजगिरी नाला में डूबने से युवक की मौत

**अंडा।** अंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत 3 किलोमीटर की दूरी ग्राम जंजगिरी नाला में युवक डूबने से मौत हो गई मृतक राजेंद्र प्रसाद ढीमर पिता पन्नालाल ढीमर 42 वर्ष घटना रविवार के दोपहर 12:00 बजे का है। अंडा थाना को सुचना मिलने के बाद थाना प्रभारी डा. भानुप्रताप साव के निर्देशनुसार एस आई सुन्दर लाल नेताम ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को नाला से बाहर निकाल कर जिला अस्पताल दुर्ग भेजा गया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित किया गया। आगे अंडा पुलिस जांच में जुटी हुई हैं।

## खबर संक्षेप


दुर्ग। जय मां शीतला शारदा उत्सव समिति रसमड़ा टेड़ेसरा।

### गंगा मैया दुग्ध समिति की 6वीं वार्षिक आमसभा 29 को

**बालोद**। गंगा मैया दुग्ध उत्पादक एवं प्रसस्करण सहकारी समिति बालोद की 6वीं वार्शिक साधारण आमसभा 29 सितंबर को सुबह 11 बजे कुर्मी भवन बालोद मे आयोजित की गई है।

### गर्ल्स कॉलेज में मतदाता जागरुकता का आयोजन

**दुर्ग**। शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी छात्राओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बी.एल.ओ. श्रेयश ताम्रकार द्वारा छात्राओं को वोटर हेल्पलाइन एप की संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, एप के माध्यम से एवं ऑफलाइन प्रक्रिया द्वारा छात्राओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की विधिवत प्रक्रिया को भी स्पष्ट किया गया। इस दौरान फॉर्म संख्या 6 के माध्यम से नाम जोड़ने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्वीप प्रभारी डॉ. विजय कुमार वासनिक, कैम्पस एम्बेसडर कु. चंचल यादव तथा कु. ट्विंकल साहू की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के समापन पर स्वीप प्रभारी डॉ. विजय कुमार वासनिक ने छात्राओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष एव जागरूक मतदान के लिए प्रेरित किया तथा आभार व्यक्त किया।

### स्वदेशी जागरण कार्यक्रम का आयोजन

**दुर्ग**। शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वदेशी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि स्वदेशी आंदोलन की अवधारणा 150 वर्ष से भी अधिक पुरानी है। लोकमान्य बालगंगाधर तिलक, वीर सावरकर, अरविन्दो और महात्मा गांधी के दूरदर्शी नेतृत्व में यह आंदोलन चलाया गया था। जिसका उद्देश्य था आर्थिक निर्भरता पर जोर देना व विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करना। स्वदेशी जागरण से देश को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाया जा सकता है। डॉ रेशमा लाकेश ने कहा कि स्वदेशी जागरण एक ऐसा महोत्सव है जो स्टार्टअप हस्तकला उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए किया गया प्रयास है।

### जुआ खेलते पकड़ाया

**भिलाई**। मीना बाजार में लूडो से जुआं खिलाते जुआरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया हुआ। डीएसपी अलेक्जेंडर किरो ने बताया कि दुर्गा उत्सव आयोजन स्थल पर लूडो में हुआ खेलते गोडखामी थाना लोरमी जिला मुंगेली निवासी संजय खूटे को गिरफ्तार किया है। आरोपी से नगद एक हजार पांच से मिला है। घटना नंदिनी कभी। मुखबिर ने पुलिस को सूचना दिया था कि लाल मैदान अहिवारा के पास मीना बाजार में लुक छिप कर एक व्यक्ति लूडो से अंकों के सामने रूपये पैसो का दाव लगाकर जुआं खिला रहा है ।

### धमकी देकर केयर टेकर ने 15 लाख वसूले, गिरफ्तार

**भिलाई**। डरा धमका कर बुजुर्ग के साथ रकम वसूलीबकरणी वाली नौकरानी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि बुजुर्ग को बलात्कार एवं नाबालिक बेटी के साथ छेडछाड की झूठी शिकायत करने की धमकी देती थी। रेलवे से सेवानिवृत्त होने पर बुजुर्ग ने पत्नी की मौत के बड़बकेर टेकर के रूप में एक महिला को प्रतिमाह 10हजार रुपए में काम पर रखा था। पीड़ित वार्ड 24 बीएमवाई चरोदा भिलाई तीन का रहने वाला है। लगभग तीन-चार वर्ष बाद आरोपिया घर के काम में कोताही बरतने लगी। खाना पकाने को लेकर कुछ खाने और बुजुर्ग से विवाद करती थी। बुजुर्ग को महिला बलात्कार की झूठी शिकायत पुलिस में दर्ज करने की धमकी दिया करती थी।

## डौंडीलोहारा मे सरस्वती उत्सव व दुर्गा उत्सव की धूम


सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति ग्राम भरदा लो


सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति ग्राम कापसी


आदर्श सरस्वती उत्सव समिति ग्राम कोटेरा


सरस्वती उत्सव समिति ग्राम धनगांव


जय शारदा मां समिति ग्राम गंजईडीह

### ध्वनि, प्रकाश और मधुर संगीत से सजी झांकी ने खींचा हर किसी का ध्यान

# ब्रह्माकुमारीज की चैतन्य देवियों की भव्य झांकी से मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शिवशक्ति का आध्यात्मिक अलौकिक रहस्य को दर्शाते हुए शारदीय नवरात्रि के पुनीत पावन अवसर पर गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन अमापारा बालोद में जीवंत चैतन्य देवियों का भव्य एवं मनोरम झांकी का आयोजन किया गया है।

- मां दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, काली और उमा के रूप में जीवंत देवियों का प्रदर्शन

ध्वनि एवं प्रकाश से सुसज्जित व मधुर संगीत के साथ चैतन्य देवियों की झांकी हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। झांकी में मां दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती, मां काली व मां उमा देवियों को दर्शाया गया है।

झांकी के तीसरे दिन उद्घाटन के अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष हरिश सांखला, व्यापारी संघ श्रवण टावरी, प्राचार्य एसके. बेक, प्राचार्य अरूण साहू, गायत्री परिवार से पूर्व वन परिषद अधिकारी डीआर. कलिहारी, त्रिलोक साहू, रोशन साहू, कमल टुवानी, ब्रह्माकुमारीज मुख्य संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी दीदी जी उपस्थित रहे।

हरिश सांखला ने कहा कि मुझे यहां आने का निमंत्रण बहुत बार मिला किंतु पहली बार आज मेरा यहां पर आना हुआ तो





यह लगता है कि मै पहले यहां और क्यों नहीं आया। डीआर. कलिहारी ने कहा कि राजयोग एक साधना का मार्ग है, परमात्मा तक पहुंचाने का मार्ग है।

यह चैतन्य देवियों का इस प्रकार स्थिर बैठ पाना साधारण बात नहीं है यह वर्षो तक अनवरत राजयोग की साधना का परिणाम है। हमारा भी जीवन साधनामय हो तभी इस झांकी की सार्थकता होगी। एसके. बेक ने कहा कि हम सब ईश्वर की रचना है और मानवीय स्वभाव होने के नाते हमारे अंदर कई बुराईयां विद्यमान है यह नवरात्रि का समय हमें अपनी बुराईयों को बाहर निकाल कर सद्गुणों को अपनाने की प्रेरणा दे रही है। इसके लिए ब्रह्माकुमारी परिवार को बहुत–बहुत धन्यवाद देता हूं।

अरूण साहू ने कहा कि मै ब्रह्माकुमारी परिवार से बहुत पहले से जुड़ा हुआ हूं और यह चौतन्य झांकी हमें अपने अंदर झांकने का अवसर प्रदान करता है कि हमारा अंतर्मन कितना पवित्र. है कितना निर्मल है। यहां आने से मन को जो शांति की अनुभूति होती है वह अपने जीवन में और कहीं नहीं हो पाती, इसी अनुभूति के लिए पूरा संसार साधना में लगा हुआ है जो यहां सहज प्राप्त होता है।

बीके. विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि यह जो चौतन्य रूप में दैवी बहने यहां बैठी है वे सतत राजयोग की साधना करते हुए एकाग्र मुद्रा में बैठी इनका एक ही लक्ष्य होता है कि परमात्मा पिता से पूरे विश्व में शांति के प्रकंपन फैलाकर शांति का दान देना। सभी धर्म संप्रदाय के लोग एक परमात्मा पिता की संतान होने के नाते पूरा विश्व एक परिवार है। इसलिए सभी के लिए शांति की दुआ करना ही इन देवियों का लक्ष्य है और इसी साधना में यह एकाग्र मुद्रा में यहां निरंतर स्थापित है।

आप सभी को बता दे कि 3 अक्टूबर से सात दिवसीय राजयोग शिविर समय प्रातः 7:30 से 8:30 बजे व शाम 7:30 से 8:30 बजे तक रखा गया है। दोनो में से कोई भी एक समय सुनिश्चित करके प्रत्येक भाई बहने इस शिविर का लाभ उठा सकते है।

## बालोद अंचल में दुर्गोत्सव की धूम







## मां शीतला प्रांगण में जोत जवांरा नवरात्रि की धूम


**गुरूर**। ग्राम चूल्हापथरा में इस वर्ष मां शीतला प्रांगण में जोत जवारा रखा गया है। जहां समस्त ग्राम वासियों द्वारा मां शीतला की प्रतिदिन पूजा अर्चना की जा रही है। शीतला प्रांगण में प्रत्येक दिन संध्या भजन माता सेवा किया जा रहा हैं जहां पूरे गांव में नवरात्रि की धूम है।

## विधायक कुंवर सिंह ने भुसरेंगा और भाठागांव (आर) में 10 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**गुण्डरदेही**। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने ग्राम भुसरेंगा में शेड निर्माण 5 लाख एवं ग्राम भाठागांव (आर) में सामुदायिक भवन निर्माण 5 लाख रुपए के विकास एवं

- विधायक ने कहा, ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं का पूरा लाभ मिलेगा

निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि ग्रामीण को मूलभूत सुविधा व अन्य योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

इन सभी विकास व निर्माण कार्यों से ग्रामवासियों को लाभ मिलेगा। गांव का विकास मेरी प्राथमिकता है इसलिए गांव में मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य स्वीकृत करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा की ग्राम वासियों से संवाद और उनके सुझाव से ही हम



विधानसभा के प्रत्येक गांव को विकसित शिक्षित और सशक्त बनाएंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी अशोक साहू, जनपद सदस्य कौशल किशोर साहू, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस भोजराज साहू, जनपद सदस्य पूर्णिमा साहू, संजय साहू, सलीम खान, तरुण पारकर सागर साहू, सरपंच कुमुदिनी जितेंद्र साहू, सरपंच रूपेश्वर यादव, गुरु दयाल ठाकुर, राजेश्वर कत्लम, विश्वनाथ ठाकुर, चेतन ठाकुर, लक्ष्मी कत्लम, कमल ठाकुर, आनंद ठाकुर, पंचगण सहित ग्रामवासी बड़ी सख्या में उपस्थित थे।

### म्यूल एकाउंट का उपयोग तीन को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई**। म्यूल एकाउंट का उपयोग करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि कान्ट्रेक्टर कालोनी सुपेला निवासी गनेश्वर दास मानिकपुरी, एलआईजी 20/16 जवाहर नगर सुपेला अमनदीप सिंह, चिंगरीपारा नेहरू भवन सुपेला विवेक अवचट को पकड़ा गया है। समन्वय पोर्टल के माध्यम से प्राप्त म्यूल एकाउंट की जानकारी मिलने पर एसीसीयू एवं सुपेला पुलिस की संयुक्त टीम ने बैंक ऑफ इंडिया शाखा सुपेला पहुंची।जहां से आरोपी बैक खाता धारक गनेश्वर दास मानिकपुरी के द्वारा बैंक आफ इंडिया शांखा सुपेला में उक्त खाता खुलवाकर खाता में ऑन लाईन ठगी की रकम प्राप्त कर अपने खाता का दुरुपयोगकिया। आरोपी ने 99,794 रू को ऑनलाइन ठगी का रकम खाता में जमा किया। आरोपी ने खाते में अब तक 4.36 लाख,98 हजार रुपए जमा किया था।

## विल्स स्टार क्लब की टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता बड़भूम में शुरू

हरिभूमि न्यूज:गुरूर

विल्स स्टार क्रिकेट क्लब एवं अधिकारी कर्मचारी समिति बड़भूम के तत्वाधान में तीन दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आज भव्य शुभारंभ हुआ।

उद्घाटन समारोह के मुख्यातिथि अधिकारी कर्मचारी समिति बड़भूम के अध्यक्ष एचके कुंजाम थे। अध्यक्षता शिला संदीप यादव ने किया। अति विशिष्ट अतिथि प्रो.एम एस म्यूजिक सोमेश सिन्हा, रेशमा तिलेश्वर सिन्हा थी। विशेष अथिति ग्राम पटेल गजाधर ठाकुर, ग्रामीण अध्यक्ष साधुराम कुरैटी, सेवानिवृत करारोपण अधिकारी नारायण कुरैटी, सेवानिवृत शिक्षक श्यामलाल




नेताम, गिरधारी कोरेटी, केजूराम उईके, जल्सु कुंजाम उपस्थित थे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 18 हजार, द्वितीय पुरस्कार 9 हजार, तृतीय पुरस्कार 4 हजार रुपये रखा गया हैं। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष रिमेंद्र कुंजाम, उपाध्यक्ष पिंटू कुंजाम तरुण मंडावी, सचिव रामनारायण उइके, कोषाध्यक्ष दुष्यंत उईके, सहसचिव शीतेश्वर हिड़को, सरंक्षक रामाधार कुंजाम, शिवम कुरैटी, जैल सिंह उईके, प्रमोद कुंजाम, कप्तान बबलू मंडावी, आलोक कुमार, मोंटू मंडावी, समीर तारम उपस्थित थे।

### 29 हितग्राहियों को मिली सरस्वती साइकिल एक घंटा श्रमदान करने का लिया संकल्प

**भिलाई/जामुल**। बासीन में निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण एवं स्वछता पखवाड़ा समारोह का आयोजन जामुल के शासकीय हाई स्कूल बासीन किया गया। योजना के तहत 29 हितग्राही छात्राओं को साइकिल का वितरण किया। सरपंच चित्ररेखा साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष राम कुमार बंछोर एवं सांसद प्रतिनिधि नूतन बंछोर के आतिथ्य में साइकिल वितरित किया गया। इस अवसर पर पालकगण के अलावा बडी संख्या में ग्रामीण जन तथा वरिष्ठ शिक्षक कौशल प्रसाद देशमुख एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर बैंकर्स की बैठक

# बोरी क्षेत्र में 45 गांवों के लिए सिर्फ एक ग्रामीण बैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला स्तरीय बैंकर्स समीक्षा बैठक में शासकीय योजनाओं के प्रभावी

- बीमा क्लेम को लेकर भी की गई समीक्षा

क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। बैठक कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर बैठक हुई। डीएलसीसी की बैठक में जिले के बैंकर्स को निर्देश दिए गए कि व्यवस्था में सुधारने कहा गया। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे भी मौजूद थे। जिला स्तरीय त्रैमासिक बैंकर्स समीक्षा बैठक कलेक्टर सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी जिला स्तरीय बैंक कार्डिनेटर एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा ग्रामीण क्षेत्रों के हितग्राहियों को बैंकिंग सुविधाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में बताया गया कि बोरी क्षेत्र में 45 ग्रामों में केवल छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की एकमात्र शाखा कार्यरत है। इस विषय पर विचार करते हुए नये बैंक शाखाएं खोलने की आवश्यकता पर चर्चा की गई। सीईओ श्री दुबे ने बैंकर्स से आग्रह किया कि बैंको की साख जमा अनुपात को बढ़ाने के लिए शासकीय योजनाओं के तहत ऋण वितरण को



### लंबित प्रकरण के त्वरित निराकरण पर दिया गया जोर

बैठक में लंबित प्रकरणों के निराकरण पर जोर दिया गया। जेवरा सिरसा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा के बैंक कार्डिनेटर को अनुसूचित जनजाति वर्ग के एक लंबित प्रकरण का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार केनरा बैंक पुरई में अनुसूचित जनजाति वर्ग के 10 लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण सुनिश्चित करने को कहा गया। वेटनरी विभाग से जुड़े कुल 24 ऋण प्रकरण बैंकों में लंबित पाए गए, जिनके निराकरण के लिए एक सप्ताह की समय-सीमा तय की गई। आवास योजनाओं के अंतर्गत 348 हितग्राहियों का आधार और बैंक एनपीसीआई सीडिंग कार्य लंबित है, जिसे पूरा कर पहली किस्त की राशि शीघ्र जारी करने के निर्देश दिये गये।

## पेज 11 के शेष

### बरामद ...

वालों को कड़ी सजा भुगतनी पड़ेगी। यह कार्रवाई न केवल अवैध कारोबारियों के लिए सबक है, बल्कि उन सभी के लिए चेतावनी भी है जो चोरी-छिपे वन संपदा का दोहन करने का प्रयास कर रहे हैं। कार्रवाई करने के दौरान संतोष ठाकुर अजय आटीकर, सेंट्रल चॉइस एजुकेशन अकादमी – उपसमिति सदस्य,विजय पिपलाय डिप्टी रेंजर – वनपरिक्षेत्र,मुस्ताक बारेशी – वनपाल, रमेश चंदेल – उपरेंजर अविनाश बाघ – वनपाल रमेश कुमार सेंट्रल एजुकेशन – वनपाल, उत्तम कुमार लहरे – वनपरिक्षेत्र माकड़ी (वनपाल) पंचायत के ग्राम वासी प्रमोद,विजय गोस्वामी. किस्मत साहू. अशोक बेंडुला, पंकज साहू, जितेंद्र बंजारे.परसराम एक्का, मुनसी राम उइके – वनपाल सीबीओ निनापुर, सीमा लक्ष्मी बंजारे, संयुक्त वन विभाग की पूरी टीम करने में जुटी रही।

### भाजपा सेवा पखवाड़ा ...

सुदृढ़ बनाकर परिवार व समाज को सशक्त करना है। साथ ही यह सेवा पखवाड़ा स्वास्थ्य शिविर का यह अभियान 26 सितंबर 2025 को ग्राम कुसुमकसा में लगाया गया। जिसमें स्वास्थ्य शिविर में करीब 150 से अधिक मरीजों की विशेषज्ञ चिकित्सकों ने जांच की। मरीजों को आवश्यक परामर्श के साथ-साथ निःशुल्क दवाइयां और जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। भाजपा के पूर्व मंडल महामंत्री व भाजपा कुसुमकसा मंडल के कार्यसमिति सदस्य टिकेन्द्र साहू ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित डॉक्टर शिव कुमार बारले, डॉक्टर नीतू नारायण, डॉक्टर दीपिका तारेंद्र, फार्मासिस्ट-रामसेवक परसाई, बी.एल. बोरकर, योगा टीचर-मनीष कुमार टेकाम, कीर्तन कुमार, सुशीला साहू, विनोद कुमार चंदेल, पर्यवेक्षक- निर्मला साहू, आर.एच.ओ. पुष्पा सपाट, आर.एच.ओ. तामेश्वर भुआर्य इन सभी अतिथियों के समक्ष तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। भाजपा कुसुमकसा मंडल के भाजपा नेता गोविन्द शर्मा बताया कि भारत ने प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में देश भर में सेवा पखवाडा शुरू किया है जो कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा वही भाजपा कुसुमकसा मंडल ने विभिन्न विषयों पर कार्ययोजना बनाई हैं ताकि समाज के हर वर्ग के लोगो तक सक्रिय रूप से जुड़ सके एवं साथ केन्द्र सरकार की योजना व छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की योजना इस सेवा पखवाडा के रूप हम सभी जनता के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रहे है कार्यक्रमो के जनता से सीधे सवाद करने का अवसर भी हम सभी को मिल रहा है। इस कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा मंडल महामंत्री मितेन्द्र वैष्णव, पोषण भुआर्य, कमलकांत साहू, पुष्पजीत बैस, लल्लू रात टेकाम, भीखी मसीहा, लाता पाथोडे, शिवराम सिन्द्रामे, संतोष जैन, हितेश गुप्ता, देवराज जैन, पंकज जेठवानी अमन गोस्वामी आदि भाजपा के जेष्ठ श्रेष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्तागण इस पूरे कार्यक्रम में उपस्थित होके इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

## कुसुमकसा में दुर्गोत्सव की धूम





## बालोद अंचल में दुर्गोत्सव की धूम






### कार्यक्रम : विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता के विकास पर जोर

# यादव कॉलेज की वाणिज्य कार्यपरिषद के पदाधिकारियों का किया गया मनोनयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही



■ प्रभा शर्मा ने दिया कॅरियर पर विशेष व्याख्यान

शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में 26 सितंबर को वाणिज्य विभाग में कार्यपरिषद का गठन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभा शर्मा, सहायक प्राध्यापक, शहीद दुर्वाषा निषाद शासकीय महाविद्यालय, अर्जुन्दा रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चंदना बोस ने की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वाणिज्य विभाग की नवगठित कार्यपरिषद की घोषणा की गई। अध्यक्ष एम.कॉम. तृतीय सेमेस्टर रेणुका, उपाध्यक्ष एम.कॉम. प्रथम सेमेस्टर शीतल पटेल, सचिव एम.कॉम. तृतीय सेमेस्टर ललिता, सह सचिव एम.कॉम. प्रथम सेमेस्टर निशा साहू महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चंदना बोस द्वारा नवगठित परिषद को शपथ दिलाई गई एवं पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ प्रेषित की गई। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में वाणिज्य विभाग द्वारा मॉडल प्रदर्शनी एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभाग के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भागीदारी की। कुल 18 मॉडल एवं 11 पोस्टर प्रदर्शित किए गए, जिनके विषय मार्केटिंग, मैनेजमेंट, बैंकिंग एंड फाइनेंस, सेक्टर्स ऑफ इकॉनॉमी, जी.एस.टी. आदि रहे। मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी.कॉम. अंतिम वर्ष को प्राप्त हुआ।

मुख्य अतिथि प्रभा शर्मा ने विद्यार्थियों को कॅरियर मार्गदर्शन विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा के अवसरों तथा वाणिज्य क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं पर उपयोगी जानकारी दी। यह आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से रखा गया है। कार्यपरिषद गठन का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व एवं संगठन क्षमता का विकास करना है, वहीं मॉडल एवं पोस्टर प्रतियोगिता जैसे रचनात्मक आयोजनों के माध्यम से उनकी सृजनशीलता एवं शैक्षणिक समझ को नया आयाम देने का प्रयोजन है।

## परिक्षेत्र साहू संघ के अध्यक्ष बने योगेश



**गुरूर।** परिक्षेत्रीय साहू समाज गुरूर का प्रतिनिधि चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें परिक्षेत्र साहू संघ गुरुर अध्यक्ष योगेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष अंकालू राम साहू, उपाध्यक्ष महिला थानेश्वरी साहू, संगठन सचिव पुनीत राम साहू, संगठन महिला कौशिल्या साहू को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर परिक्षेत्र अध्यक्ष योगेश साहू ने कहा कि सभी समाज के विकास, एकता और संगठनात्मक सशक्तिकरण के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगे। इस अवसर पर तहसील साहू संघ गुरूर पूर्व प्रदेश महामंत्री साहू समाज छत्तीसगढ़ हलधर साहू, कोषाध्यक्ष खेदूराम साहू, विजय साहू, सचिव घनाराम जेठमल, मिथलेश साहू उपस्थित रहे।

## आदिवासी कर्मचारी प्रकोष्ठ के रामकुमार बने अध्यक्ष



**कुसुमकसा।** अखिल भारतीय हलबा हल्बी आदिवासी समाज ब्लाक इकाई कुसुमकसा के कर्मचारी प्रकोष्ठ का गठन किया। जिसमें रामकुमार ठाकुर को पुनः सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनित किया गया। उपाध्यक्ष रमनलाल धनेन्द्र, सचिव सुरेश कोठारी, कोषाध्यक्ष नाथूराम शिवना को मनोनीत किया गया। निर्वाचन कार्यक्रम में निर्वाचन अधिकारी संतोष ठाकुर , जिला न्यायसमिति अध्यक्ष तिहार सिंह तारम ,ब्लॉक अध्यक्ष छतर सिंग कोमा ,ग्राम धरम सिंह पिस्दा, कर्मचारी विष्णु नायक, नोहर सिंह चुरेंद्र, संतुराम माहला, कमलेश तारम, केजाऊ कोमा, जगदीश पिस्दा, खामहन चुरेंद्र, डोमेंद ठाकुर साथ ही समाज के सामाजिक सदस्य उपस्थित थे।

## देवांगन बने समग्र शिक्षक फैडरेशन के ब्लाक अध्यक्ष



■ पूर्व अध्यक्ष की कार्यकुशलता और संगठनात्मक उपलब्धियों की सराहना

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फैडरेशन ब्लाक इकाई डौंडी लोहारा का कार्यकाल तीन वर्ष पूर्ण होने के पश्चात प्रांतीय निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी संजय सेन और हेमेंद्र चंद्रहास की उपस्थिति में छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फैडरेशन ब्लाक इकाई डौंडी लोहारा का पुनर्गठन किया गया है। इस चुनाव में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन किया गया। परंतु इस प्रकिया में चुनाव कराने की स्थिति निर्मित नही हुई।

उपस्थित शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने ब्लाक अध्यक्ष के लिए कुमार संभव देवांगन जी को सर्व सम्मति से मनोनीत किया। इस अवसर पर खेमंत साहू, अनिल दिल्लीवार, प्रवीण चंद्राकर, आरिफ सिद्दीकी, निर्मल दुबे, दीपक पटेल, गेवेंद्र मानिकपुरी, जितेंद्र धर्मगुड़ी,गोकुल आंधिया,प्रदीप साहू,कुलेश्वर ठाकुर, योगेश कोसरिया,गणेश बेलचंदन,सुरेश दिल्लीवार, तोमन मालेकर,संकेत साहू,हेमंत देशमुख, दीपक बडतिया, गिरीश निर्मोही,छगन बंछोर, वीणा ठाकुर, सुनीता साहू मुनमुन सिन्हा, धनेश्वरी सिन्हा, साहिना बानो, लिलेश्वर कुर्रे, पार्वती ठाकुर, सरिता देशमुख, संकुल समन्वयक भरदा(लोहारा) अशोक टंडन बड़ी संख्या में सहायक शिक्षक, शिक्षक एवं प्रधानपाठक साथियों की उपस्थिति रही और अध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त किए। सभी ने पूर्व अध्यक्ष और उनके कार्यकारिणी की उपलब्धि एवं कार्यकुशलता, संगठन में एकजुटता बनाए रखने की प्रशंसा किया और नये को साथ मिलकर कार्य करने की शुभकामना प्रेषित किये। कार्यकारिणी का विस्तार अगली बैठक में किया जायेगा।

# सशिमं परीक्षा परिणाम घोषित छात्रों को सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर




सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरूर में त्रैमासिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधकारिणी समिती के संयुक्त सचिव शेखलाल माला ने दीप प्रज्वलन कर किया। त्रैमासिक परीक्षा परिणाम की घोषणा संस्था प्रमुख वेदप्रकाश कटेन्द्र ने किया।

जिसमें कक्षा अरूण में बहन अदिती यादव प्रथम स्थान तथा भैया सुशांत यादव द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा– उदय में भैया रूद्र किरण प्रथम स्थान तथा बहन धरा साहू द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा– प्रभात में बहन निशिका, भैया त्रिशान साहू, भैया रौनक पटेल प्रथम स्थान तथा बहन ऐश्वर्य साहू, बहन सेजल साहू, बहन हेमलता साहू द्वितीय स्थान पर रहे। कक्षा प्रथम में भैया शिवम साहू, बहन दुर्गा मंडावी प्रथम स्थान तथा भैया करण साहू एवं भैया भोजराज गजमल्ला, बहन अयाना मसीह द्वितीय स्थान पर रहे। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित पालकों तथा आचार्य दीदीयों के समक्ष त्रैमासिक परीक्षा परिणाम की घोषणा संस्था के प्राचार्य वेदप्रकाश कटेन्द्र ने किया। अतिथी के रूप में उपस्थित विद्यालय प्रबंधकारिणी समिती के अध्यक्ष आनंदराम सोनबरसा तथा कोशाध्यक्ष भूपेन्द्र साहू के द्वारा भैया बहनों को सम्मानित कर पुरूस्कार प्रदान किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा भैया बहनों संबोधित करते हुए लक्ष्य की प्राप्ति तक निरंतर प्रयास करने की सीख देते हुए आशीर्वचन प्रदान किया।

उक्त कार्यक्रम में परीक्षा प्रमुख संतोषी नागवंशी एवं परीक्षा सहायक मिलन साहू, खुमेश्वरी साहू के साथ आचार्यगण योगेश्वर साहू, अगेश्वर हिरवानी, नीमा साहू, खिलेश्वरी साहू, रोशनी साहू, तुमेश्वरी साहू, पिंकी सेन, कुमुदनी यादव, सीमा निषाद, कामनी साहू, खिलेश्वर साहू, चित्रलेखा पटेल, मनीशा साहू, मंजु साहू का योगदान रहा।

# परिक्षेत्र साहू समाज के ललित बने अध्यक्ष



**डौंडी लोहारा।** परिक्षेत्र साहू समाज रेंगाडबरी में दिनांक 26 सितम्बर 2025, शुक्रवार को समाज की नई कार्यकारिणी का चुनाव बड़े ही सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। यह चुनाव प्रक्रिया लोकतांत्रिक परंपरा और आपसी एकजुटता का संदेश देते हुए निर्विरोध सम्पन्न हुई। इस चुनाव में ग्राम अन्नुटोला के पूर्व सरपंच ललित कुमार साहू को परिक्षेत्र अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। समाज के वरिष्ठजनों और उपस्थित सदस्यों ने उनके अनुभव, नेतृत्व क्षमता और समाजहित में किए गए कार्यों को देखते हुए उन्हें अध्यक्ष पद के लिए उपयुक्त माना। साथ ही समाज की एकजुटता को प्रदर्शित करते हुए अन्य पदों पर भी निर्विरोध चयन हुआ। उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी ग्राम चिलमगोटा के चंद्रभान साहू को दी गई। महिला उपाध्यक्ष पद पर रेंगाडबरी की श्रीमती भुवनेश्वरी साहू को चुना गया। संगठन सचिव की जिम्मेदारी जुन्नापानी के लखन कुमार साहू को सौंपी गई, वहीं महिला संगठन सचिव के रूप में जुन्नापानी की उमा बाई हिरवानी निर्वाचित हुईं। इस अवसर पर समाज के अनेक वरिष्ठजन, युवा वर्ग और महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शारदीय नवरात्रि पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित



**गुरूर।** ग्राम सोनाईडोंगरी में शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर सार्वजनिक जय बजरंग दुर्गा उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है, जहां प्रतिदिन सुबह शाम पूजा अर्चना किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष मोहनलाल साहू, उपाध्यक्ष अगेश्वर यामले, जगत राम राणा, सजीवन उंदरे, जगेश मंडावी, भूसनारायण साहू ने बताया कि प्रतिवर्ष मां दुर्गा की प्रतिमा समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से की जाती है, उन्होंने बताया कि प्रतिदिन माता की सुबह शाम पूजा अर्चना एवं संध्या भजन किया जा रहा है मां दुर्गा प्रांगण में आस्था के 11 जोत जलाए गए हैं साथ ही प्रत्येक दिन अलग–अलग ग्रामो से रामधुनी का आयोजन भी किया जा रहा है।

# मानव उत्थान सेवा समिति ने दो दिवसीय स्वच्छ भारत अभियान का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद




■ सतपाल महाराज और पूज्य विभु महाराज के मार्गदर्शन में स्वच्छता जागरूकता अभियान

मानव उत्थान सेवा समिति के तत्त्वावधान में सुविख्यात समाजसेवी व आध्यात्मिक गुरु सतपाल महाराज की प्रेरणा व पूज्य विभु महाराज के मार्गदर्शन में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 27 व 28 सितम्बर तक समस्त भारतवर्ष में भारत सरकार की स्वच्छता को लेकर सेवा पखवाडा के तहत दो दिवसीय स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है।

समिति के क्षेत्रीय आश्रम प्रभारी महात्मा भुवनेश्वरी बाई के दिशा निर्देशन एवं महात्मा हृदयानंद के उपस्थिति में सफाई अभियान किया गया। समिति द्वारा यह भारत के विभिन्न राज्यों में स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में 27 सितम्बर 2025 को मानव उत्थान सेवा समिति जिला बालोद द्वारा जिला मुख्यालय के पुराने बस स्टैंड में स्थित कर्मा परिसर से लेकर घड़ी चौक महात्मा गांधी की प्रतिमा के आसपास सभी जगह पर स्वच्छता अभियान चलाकर महात्मा गांधी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर, स्वच्छता अभियान किया गया। इस स्वच्छता अभियान में मुख्य रूप से शामिल हुई नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, बालोद जिले भाजपा के मिडिया प्रभारी कमल पनपालिया, वरिष्ठ भाजपा नेता लाल चंद लुनिवाल, भाजपा कार्यकर्ता उमाशंकर मंत्री, मुंशीर खान एवं बड़ी संख्या में समाज के व नगर पालिका के कर्मचारी व नागरीक गण उपस्थित थे, जहां समिति के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि का फूल–मालाओं से स्वागत किया। मुख्य अतिथि सहित अन्य स्थानीय गणमान्य लोगों ने महाराज के इस प्रेरणादायी सेवाकार्य की भूरी–भूरी प्रसंसा की। स्थानीय लोगों ने इस स्वच्छता अभियान से प्रेरणा लेकर अपने आस–पास स्वच्छ रखने तथा लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर महात्मा हृदयानंद ने बताया कि मानव उत्थान सेवा समिति एक अखिल भारतीय पंजीकृत आध्यात्मिक एवं समाजसेवी संस्था है जो लगभग कई दशकों से अध्यात्म ज्ञान के प्रचार–प्रसार के साथ–साथ समाज के अन्दर विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यों में सतत संलग्न है। समिति शिक्षा के क्षेत्र में मिशन एजुकेशन का कार्यक्रम चला रही है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिशन मेडिसिन, रक्तदान शिविर, विशाल स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, पर्यावरण के क्षेत्र में पौंधारोपण, स्वच्छता अभियान तथा प्राकृतिक आपदा के समय जैसे भूकम्प, बाढ़, महामारी में राहत शिविर लगाकर जन–कल्याण के कार्य करती आ रही है। अतः हम सभी का यह परम कर्तव्य है कि अपने स्थान को स्वच्छता अभियान से जोड़कर स्वच्छता के लिए जागरूक करें। इस अभियान में समिति के शाखा कार्यकर्ताओं, यूथ विंग के सदस्यों व स्वंयसेवी संस्था मानव सेवा दल के स्वयंसेवकों सहित अनेक लोगों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।

इस अभियान में जीडी कोठरी एनआर कुलहरिया, नेतराम पटेल, सुखीत राम ठाकुर, शिवकुमार चौरके, कृष्ण देवांगन दुष्यंत कुमार यादव, नाथूराम कुलहरिया, डोमेस्वर देशमुख, मानव सेवा दल से नेतराम पटेल श्यामलाल निषाद, खूब लाल भट्ट, अश्वनी कुमार सिंह, हरिवंश देशमुख, दिनेश पटेल, बिंदु कुमारी देशमुख, रीपा पटेल, चंपी ठाकुर, लीलेश्वरी देवांगन, निर्मला बाई पटेल सहित नगरवासी उपस्थित थे।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में हुई पालक-शिक्षक बैठक



**डौडीलोहारा।** सेजस विद्यालय, दुधली में त्रैमासिक परीक्षा के उपरांत पालक-शिक्षक बैठक का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति द्वारा त्रैमासिक परीक्षा में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को डायरी व पेन देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित छात्र छात्राओं में कक्षा नवमी से भाग्यश्री देशमुख (94%), दिव्यांशु देशमुख (90%), कक्षा दसवीं से नंदिनी (91.33%) , कोशिका पटेल (91%) – कक्षा बारहवीं कला से किरण (96%), डिगेश्वरी बारले गंगोत्री (94.8%), गंगोत्री (90.4%) विज्ञान से मोनिका देशमुख (93%) का नाम प्रमुख रहा। इन छात्रों की सफलता पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देव देवांगन ने छात्रों को संबोधित करते हुए परिश्रम, अनुशासन व निरंतर अभ्यास की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्रों को प्रोत्साहन मिलता है और वे और बेहतर करने के लिए प्रेरित होते हैं। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती दुर्गेश नंदिनी यादव ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में सभी छात्रों को आगामी अर्धवार्षिक परीक्षा में और अधिक मेहनत कर श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों के अध्ययन में सतत रुचि लें।

कार्यक्रम का संचालन परीक्षा प्रभारी मिलन सिंह सिन्हा ने किया। आयोजन को सफल बनाने मे विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। शाला प्रबंधन समिति से प्रीतम साहू, मो इशाक खान, सोमनाथ, रवि कोमरे, पावेंद देशमुख, गेंद सिंह देशमुख, उपस्थित रहे। यह बैठक विद्यालय और अभिभावकों के बीच संवाद का सशक्त माध्यम के साथ ही छात्रों के उज्ज्वल भविष्य हेतु प्रेरणा का स्रोत भी बना।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सुनील सोनी के सास्कृतिक कार्यक्रम 30 को

**अंडा।** नवरत्न दुर्गा उत्सव समिति मिलपारा अंडा के तत्वावधान में



कुवांर नवरात्रि के शुभ अवसर पर 30 सितम्बर के 10:00 बजे रात्रिकालीन को सुनील सोनी का सास्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। नवरत्न दुर्गा उत्सव समिति के सभी सदस्य गणों ने आस पास के ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम आनंद लेवे।

### मोदी के मान की बात कार्यकर्ताओं ने सुनी



**गुण्डरदेही।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भाजपा कार्यकर्ताओ ने मन की बात सुनी। जहां मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों को संबोधित किया गुण्डरदेही में जिला कार्यकारिणी सदस्य सौरभ चोपड़ा, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष टीका राम निषाद व अन्य भाजपा कार्यकर्ताओ ने मन की बात सुनी।

### भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मोदी के मन की बात सुनी



**बालोद/कलंगपुर।** कलंगपुर शक्ति केंद्र के बूथ क्रमांक 241 में भाजपाई कार्यकर्तागण व सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन के बात सुनने का अवसर प्राप्त हुआ। जिसमें बूथ अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा, मंडल उपाध्यक्ष विकास जैन मंडल कार्यकारिणी सुफल कुल्हारे, बूथ के सचिव डीलेश्वर साहू, परमानंद सिन्हा, पेसू साहू, शोभा यादव, दूज साहू, संहित सदस्य गण बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

### आईआईटी गुवाहाटी के लिए शशांक चयनित

**गुरुर।** तहसील साहू संघ गुरुर द्वारा शनिवार को शशांक चौधरी पिता नीलकंठ चौधरी ग्राम जेवरतला को आईआईटी गुवाहाटी असम मे चयनित हुआ है, जिसके आगे पढ़ाई के सहयोग के लिए तहसील साहू संघ गुरुर द्वारा 10,000 रुपये आर्थिक सहयोग राशि प्रदान किया गया। साथ संघ द्वारा शशांक चौधरी के पढ़ाई के साथ ही उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर तहसील साहू संघ गुरुर अध्यक्ष महेंद्र कुमार साहू, कोषाध्यक्ष खेदूराम साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष गुरुर योगेश साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष पूरूर मिथलेश साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष सनौद लीलाराम सोनबेर, चंद्रहास अठ भैया, जीवन लाल साहू, टोमन लाल साहू, ओम प्रकाश साहू उपस्थित थे।

### ट्रक चालक की गोडाउन में बंद कर जमकर पिटाई, तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** ट्रक चालक को अपहरण कर उस पर डीजल चोरी का आरोपी लगाकर गोडाउन में बंद कर पिटाई करने वाले तीन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि ट्रक मालिक बोरसी, कदमप्लाज़ा, मधुबन नगर दुर्ग निवासी हरप्रीत सिंह उर्फ विक्रम कुलदीप सिंह ने ही अपने दो साथियों के साथ मिलकर चालक जामुल निवासी रविंद्र यादव के साथ जमकर मारपीट किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## आयोजन : भक्तों ने लिया भंडारे का आनंद, बेलपत्र और रुद्राक्ष का किया वितरण

# शिव महापुराण कथा में सवा लाख बत्तियों से हुई भव्य महाआरती







हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



गातापार में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के अंतिम दिवस महाआरती और भंडारा का भक्तों ने लाभ लिया। सरपंच रेवाराम साहू, वरिष्ठ समाजसेवी लालेश्वर साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयंती साहू, समाजसेवी टेसराम साहू, देवेंद्र साहू ने भगवान की पूजा महाआरती में पूर्ण भक्ति भाव से शामिल हुए। अंतिम दिवस शिव महापुराण कथा वाचक सौरभ शर्मा ने कहा कि भगवान शिव भक्त अहंकार से परे सरल परोपकारी और सदमागएॅ होते है।

**भक्त की सरलता से प्रसन्न होते है भगवानः** शिव महापुराण कथा आसंदी पर विराजमान आचार्य सौरभ महाराज ने कहा कि सरलता जीवन का अनमोल आभूषण है जिनके पास सरलता है वे भगवान के सच्चे भक्त बनकर भगवान के करीब होते है। इसलिए सरल व्यक्तियों का काम बड़ी सरलता से निपट जाता है। पंडित श्री ने कहा कि धन पद ज्ञान बल आदि के अहंकार से घिरे लोग निरंतर कठिन बनते जाते है यदि ये सरल हो जाए तो ये भी भगवान के करीब हो जाएंगे। उगना महादेव की कथा बताते हुए महाराज ने कहा कि भगवान विद्यापति को जैसे दर्शन दिए वैसे हमको भी दे सकते हैं पर मन मे सरलता होनी चाहिए जो सरल है सदा अच्छे कर्म करना चाहिए।

### बेलपत्र की महत्ता पर प्रकाश डाले

भगवान शिव को रस के अभिषेक की महत्तमा अमरनाथ नाम कैसे पड़ा शमी पत्र बेलपत्र की महत्तमा और प्रागट्य की कथा बताई गई पण्डित सौरभ शर्मा महाराज ने कहा शिव ने सब पर कृपा की जिसने जो मांगा दिया इसलिए इनका नाम अवघड दानी है आगे किस प्रकार मंदिर जाने मात्र से हमारे दुख तकलीफ परेशानि मात्र शिव चौखट प्रणाम करने से भगवान प्रिय गन कीर्तिमुख हरन कर लेते हैं इसलिए हर व्यक्ति को मंदिर जाना चाहिए बाबा की कथा अत्यंत आनंद मई है इस प्रकार शिव राम का सुमिरन करते हैं करके बच्चो को जनमानस को राम कथा के माध्यम से संस्कार को बताया गया।

### महाआरती और भंडारा हुआ

भगवान शिव के सभी अलग अलग लिंगों के प्राकट्य की कथा और उसके महत्व के बारे में बताया तथा आज अंतिम दिवस पर पार्थिव शिवलिंग पूजा, हवन एवं सवा लाख बत्तियों से महा आरती ग्राम वासियों के द्वारा की गई, जिसमें महाराज जी द्वारा ग्रामवासियों को बेलपत्र का वृक्ष एवं रुद्राक्ष वितरण किया गया, महाआरती के पश्चात महाभंडारे का भव्य आयोजन भी रखा गया था। सरपंच रेवाराम साहू, जयंती साहू, लखन साहू, ज्ञानेश्वरी देवांगन, सरपंच आगेसरा रमाकांत साहू, लालेश्वर साहू, टेसराम साहू, डॉ. देवानंद साहू, बीआर. साहू, आकाश दुबे, कुलेश्वर साहू, धर्मेंद्र साहू, देवेंद्र साहू, ओमप्रकाश साहू आदि वरिष्ठजनों ने शिव महापुराण का लाभ लिया।

## दंतेश्वरी मंदिर में 87 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



बालोद जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्राम जुन्नापानी स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में नवरात्र पर्व के अवसर पर 87 दीपों का प्रज्वलन किया गया है। दीपों की रौशनी से पूरा मंदिर प्रांगण आस्था और भक्ति के रंग में सराबोर हो गया। गांव की पूर्व दिशा में लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित यह मंदिर आसपास के 12 गांवों का आस्था का केंद्र माना जाता है। नवरात्रि के दोनों पर्वों में यहां विशेष धार्मिक आयोजन होते हैं, जिसमें जोत-जवारा प्रमुख आकर्षण रहता है। इन दिनों प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर मां दंतेश्वरी के दर्शन कर अपनी मन्नतें मांगते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार वर्षों पूर्व दंतेश्वरी माता की प्रतिमा को ठाकुर बस्तर से लाकर यहां स्थापित किया गया था। तभी से यह मंदिर केवल जुन्नापानी ही नहीं बल्कि आसपास के बारह गांवों के लोगों की श्रद्धा और विश्वास का केंद्र बना हुआ है। पीढ़ियों से ग्रामीण भक्तिभाव से मां की आराधना करते आ रहे हैं और नवरात्रि पर्व पर यहां का माहौल और भी मनमोहक हो जाता है। मंदिर का संचालन समिति द्वारा किया जाता है, जिसमें अध्यक्ष बृजलाल पावरे, कोषाध्यक्ष बिरेंद्र सलामे, सचिव ओमप्रकाश यादव तथा संरक्षक ग्राम पटेल चंद्रशेखर शुकतेल की सक्रिय भूमिका रहती है। मंदिर की विधि-विधान से पूजा-अर्चना का दायित्व पुजारी धनेश राम कुंजाम निभा रहे हैं। इस बार भी शारदीय नवरात्र में आयोजित दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। दीपों से सजे मंदिर का नजारा देखते ही बनता था। ग्रामीणों का मानना है कि मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना से हर मनोकामना पूरी होती है। गांव जुन्ना पानी का यह धार्मिक स्थल न केवल भक्ति का केंद्र है बल्कि आस्था, एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को भी मजबूती प्रदान करता है। नवरात्र पर आयोजित कार्यक्रमों से यहां का वातावरण हमेशा भक्तिमय बना रहता है।

## विधायक निषाद सामुदायिक भवन निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन



**गुण्डरदेही।** देवरी ब्लॉक के ग्राम तेलीटोला में सामुदायिक भवन निर्माण एवं अहिबरन नवागांव में सामुदायिक भवन संधारण निर्माण कार्यों का भूमिपूजन विधायक कुंवर सिंह निषाद द्वारा किया गया।

इस दौरान विधायक ने कहा कि समृद्ध गुण्डरदेही विधानसभा बनाने का हमने जो संकल्प किया है, उसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं। हमारे गुण्डरदेही विधानसभा में भी शहरी क्षेत्रें की भांति अधोसंरचना विकास, शहरों का सौंदयएॅकरण, पक्की सड़कें, पुल–पुलिया, बिजली एवं स्वच्छ जल की आपूर्ति हो इसके लिए हम लगातार प्रयास कर रहें हैं। देवरी ब्लॉक के ग्राम तेलीटोला एवं अहिबरन नवागांव में इन विकास कार्यों से जनता को सुविधा मिलेगी साथ ही क्षेत्र का विकास भी सुनिश्चित होगा। हम गुण्डरदेही विधानसभा को छत्तीसगढ़ का सबसे विकसित व जनसुविधाओं से युक्त विधानसभा बनाने निरंतर प्रयास कर रहें हैं और इस प्रयास में जनता का सुझाव व मार्गदर्शन हमें प्राप्त हो रहा है। आज जो यह विकास की सौगात मिली है।

## भागवत महापुराण कथा सप्ताह में ग्रामीणों ने जमकर भक्ति और उत्साह दिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- रूखमणी विवाह कथा ने आकर्षित किया ग्रामीणों का भारी उत्साह





ग्राम नेवारीकला मे नवरात्रि के पावन अवसर पर सोनकर पारा दुर्गा मंच नेवारीकला मे संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 23 सितंबर से जारी है जिसका समापन 1 अक्टूबर को होगा। जिसमे कथावाचक पंडित खुमेश प्रसाद शर्मा नेवारीकला वाले है। जिसमे कथा दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक चल रहा है।

जिसमे प्रथम दिवस 23 सितंबर को कलशा यात्र, व्यास पूजा, गौकर्ण पूजा संपन्न हुआ। 24 सितंबर को कथा प्रारंभ हुआ। 25 सितंबर को कपील जन्म, गुरू महिला का कथा सुनाया गया। 26 सितंबर को धुरव चरित्र, समुद्र मंथन का कथा सुनाया गया। 27 सितंबर को कृष्ण जन्म, दही लूट कथा सुनाया गया। 28 सितंबर को रूखमणी विवाह कथा सुनाया गया। जहां बड़ी संख्या मे ग्रामीण कथा सुनने पहुंच रहे है और कथा का अमृतपान कर रहे है। इस दौरान भक्तिगीतो मे भक्त नाचते गाते दिख रहे है। इस दौरान 28 सितंबर को रूखमणी विवाह के अवसर पर माता रूखमणी के विवाह के प्रासंग को पंडित खुमेश प्रसाद शर्मा ने विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री रुखमणी भगवान श्रीकृष्ण को मन ही मन अपना पति मान चुकी थीं, उनके भाई ने शिशुपाल से उनका विवाह तय कर दिया, जो श्रीकृष्ण के शत्रु थे, रुखमणी ने अपनी सखी के माध्यम से श्रीकृष्ण को संदेश भेजा कि वे उन्हें बचाने आएं, श्रीकृष्ण ने रुखमणी को उनके विवाह मंडप से बचाया और द्वारका ले गए, जहाँ उन्होंने विधिपूर्वक उनसे विवाह किया। वही 29 सितंबर को सुदामा चरित्र कथा होगा। 30 सितंबर को परमधाम कथा, चढ़ौत्री कथा संपन्न होगा। 1 अक्टूबर को गीता, तुलसी वर्शा, ग्राम भ्रमण, समापन संपन्न होगा।

### दहन के लिए रावण के पुतलों का निर्माण जारी

## ग्रामों में दशहरे पर रामलीला, मंचन की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- रामलीला के मंचन में कमी, दशहरा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का बढ़ता रुझान





जिले में दशहरा को लेकर जिले के ग्रामो में तैयारियां जोरो पर है। जिसके तहत रामलीला मण्डलीयों के द्वारा राम लीला प्रस्तुती के लिए अभ्यास से लेकर गग्रामीणों के द्वारा रावण पुतला दहन के लिए तैयारियां की जा रही है।

जिले में दशहरा का पर्व मात्र कुछ ही दिन बाद है जिसके कारण अब जिले के ग्रामो में दशहरा को लेकर तैयारियां जोर सोर से चल रही है। इसी के तहत कई ऐसे गांव है जिनमे आज भी भगवान राम के लीलाओ को नाट्य मंचन के माध्यम से रामलीला मंडलिया प्रस्तुत करती है और ऐसे मंडलियो द्वारा वर्तमान में दशहर के दिन रामलीला प्रस्तुती के लिए अभ्यास किया जा रहा है। जिले में जहां पूर्व मे प्रत्येक गांव मे दशहरा के अवसर पर रामलीला की प्रस्तुती मंडलीयो द्वारा दी जाती थी। लेकिन वर्तमान आधुनिकता के युग में पुरानी परंपरा लुप्त होती जा रही है और अब जिले के कुछ ग्रामो को छोड़ दे तो अधिकांश ग्रामो में रामलीला की प्रस्तुती की जगह अब फूहड़ सांस्कृतिक कार्यक्रम जगह लेती जा रही है। जिसके कारण वर्तमान पीढ़ी अपनी पुरानी सांस्कृतिक परंपराओ से अनभिज्ञ होती जा रही है और वर्तमान मे रामलीला लुप्त होने के कगार पर है। जिले के कई वरिष्ठ लोगो से बात करने पर उन्होने बताया कि जहां पूर्व में दशहरा के अवसर पर रामलीला के साथ, धार्मिक व ज्ञानवर्धक आयोजन किया जाता था लेकिन वर्तमान में दशहरा के अवसर पर धार्मिक व ज्ञानवर्धक कायक्रमो की जगह फूहड़ सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा हैं जिससे वर्तमान पीढ़ी में पुराने पारंपरा से अनभिज्ञ होते जा रहे है यही कारण है कि वर्तमान मे रामलीला लुप्त होने के कगार पर है।

### शिशु मंदिर के बच्चों को मां दुर्गा प्रतिमा का कराया गया दर्शन



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में मां दुर्गा की मूर्ती स्थापना की गयी है, वहीं सरस्वती शिशु मंदिर के पहली से पांचवी तक के कुल 72 बच्चों ने नवरात्रि के चतुर्थी के दिन मां दुर्गा स्कंद माता का दर्शन करने पहुंचे, जिसमें स्कूल की प्रधान पाठिका हेमकुमारी कुंजाम, मेघा साहू, लोकिता बढाई, तुलेश कुमार कुंजाम व स्कूल के सभी बच्चों सहित पूजा अर्चना कर प्रसाद पाकर बच्चों की मनोकामना को पूर्ण करने का आशीर्वाद लिया।

### औरी स्कूल में न्योता भोज कराया



**जामगांव आर।** प्रधानमंत्री शक्ति पोषण योजना अंतर्गत सेजस बेलहारी प्राचार्य वाईके साहू अपनी पुत्री की रचिता साहू के जन्म दिवस पर निवास ग्राम औरी के प्राथमिक शाला में नेवता भोज का आयोजन कर धर्म पत्नी भानुप्रिया और पुत्र हर्षवर्धन के साथ स्कूल पहुंचकर स्नेह सम्मान पूर्वक बच्चो को भोजन कराए। हेडमास्टर ऋषि यादव ने बच्चो को पंक्तिबद्ध बैठाकर भोजन मंत्र गायत्री मंत्र पश्चात भोजन ग्रहण करने का संस्कृतमय संदेश दिए। मीठा के साथ स्वादिष्ट भोजन न्योता भोज में ग्रहण कर समवेत स्वर में बच्चो ने कहा हैप्पी बर्थ डे रुचि दीदी। हेडमास्टर ने प्राचार्य वाई के साहू परिवार की उन्नत सकारात्मक सोच की सराहना करते हुए रुचिता को जन्म दिवस की बधाई दिए। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष विष्णु प्रसाद साहू, विधायक प्रतिनिधि द्वारिका प्रसाद साहू, ममता धीवर, मोगरा यादव, मंगलवती विश्वकर्मा पालक एवं प्रतिनिधि गण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

### टटेंगा स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता रैली निकाली



**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में स्वच्छता पखवाड़ा और स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत प्राचार्य आर के देवांगन के नेतृत्व में स्वच्छता रैली निकाली गई। जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का काम किया। ग्राम पंचायत भवन के सामने गांधी प्रतिमा के सामने फैले कचरे को एकत्र कर नष्ट किया गया। नागरिकों को यहां वहां कचरा न फैलाने व डस्ट बिन का उपयोग करने का आग्रह किया गया। रैली को अनुशासित करने व कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, पवन सिन्हा, हेपशीबा एंथोनी, अजय पाठक, रीना बोरकर, बिन्दु पटेल, बिंदु साहू का विशेष सहयोग रहा।

### सांसद भोजानाग ने में खपरी बी का किया दौरा



**गुण्डरदेही।** रविवार को सांसद भोजानाग गुण्डरदेही पंहुचे, जहां खपरी ब के सरपंच, लेखराम, साहू, शक्ति केन्द्र सह संयोजक कमलनारायण साहू ने मुलाकात की। इस दौरान पायला से ईरागुडा सड़क निर्माण की मांग व खपरी ब मे कलामंच एवं टिन शेड निर्माण कि मांग सांसद से की गई। मुलाकात के दौरान पंच अश्वनीकुमार, आशकरण कैलाश, प्यारेलाल, गोरेलाल, चतुर, नरोतम, दीनदयाल, उमेद, रामकिशुन उपस्थित थे।

### सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का हुआ



**डौंडीलोहारा।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा है का संकल्प लिया गया एवं स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई किया गया एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसका विषय विकसित, भारत आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया था। प्रशिक्षणार्थी उपरोक्त विषयों में अपनी चित्रकला का प्रदर्शन किया। संस्था प्रमुख द्वारा बताया गया कि 30 सितंबर को शासकीय आईटीआई सुरेगावं में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
30 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
11 सीटें शेष
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411